नगर निगम, शाहजहॉपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 12.11.2020

- नगर निगम द्वारा कल दिनांक 13.11.2020 को हनुमतधाम पर स्वच्छ दीपोत्सव मनाया जायेगा।
- नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार धनतेरस,दीपावली,गौवर्धन एवं भईया दूज पर्व के दृष्टिगत रखते हुये सभी जोनों में साफ–सफाई, पेयजल एवं पथ प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई।

1. नगर निगम द्वारा कल दिनांक 13.11.2020 को हनुमतधाम पर स्वच्छ दीपोत्सव मनाया जायेगा। प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर शहर के महत्वपूर्ण धार्मिक एवं पयर्टन स्थल हनुमतधाम पर 51000 से अधिक मिटटी के बने दीपक से स्वच्छ दीपोत्सव मनाया जायेगा। इस कार्यक्रम में नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर के सभी गणमान्य व्यक्तियो को हनमुतधाम पर एक दीपक स्वच्छता के नाम प्रज्जवलित करने का आह्वान किया गया। इस कार्यक्रम मे मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिलाओ प्रतिभाग किया जायेगा। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर की सभी सम्भ्रान्त नागरिको से दीपोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग करने की अपील की गई।

2. नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार धनतेरस,दीपावली,गौवर्धन एवं भाईया दूज पर्व के दृष्टिगत रखते हुये सभी जोनों में साफ–सफाई, पेयजल एवं पथ प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई। श्री पवन कुमार, श्री राजमंगल, श्री हरवंश दीक्षित, श्री चन्द्रवीर सागर, एवं सुनील शाक्य, सफाई निरीक्षको के नेतृत्व में सफाई नायको के माध्यम से वृहद सफाई व्यवस्था, कूड़ा उठाने, चूने का छिड़काव तथा दवा का छिड़काव कराया गया। धनतेरस पर्व के दृष्टिगत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बने मंदिरो पर प्रकाश व्यवस्था ठीक कराते हुये सफाई व चूने के छिड़काव के साथ–साथ सेनेटाईशन की व्यवस्था करायी गयी। नगर आयुक्त महोदय के द्वारा नगर के धार्मिक स्थलो के आस–पास नियमित रूप से सफाई व्यवस्था कराये जाने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश प्रदान किये गये। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 12.11.2020 को ध्वनि विस्तारण यंत्र के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने, मास्क लगाने, दो गज की दूरी रखने तथा संक्रमण के बचाव का उपाय बताते हुये जनता जनार्दन को जागरूक किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बिना किसी कार्य के बाहर न निकलने, अत्याधिक आवश्यक होने पर बाहर निकलने की स्थिति में मास्क का आवश्यक रूप से प्रयोग करने, अपनी सुरक्षा के नियमित हाथ धोने के लिये सेनेटाइजर का प्रयोग करने और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु अपील की गई।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर